DOON UNIVERSITY
NEWSPAPER CLIPPING SERVICES

छात्र-छात्राओं को बताई रसायन विज्ञान की बारीकियां

देहरादून। दून विश्वविद्यालय और रॉयल सोसाइटी ऑफ केमिस्ट्री की ओर से आयोजित शिविर में कक्षा नौ के छात्रों को रसायन विज्ञान की बारीकियां समझाई। शनिवार को आयोजित शिविर में टिहरी जिले के 43 स्कूलों के 71 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। शिविर में उत्तराखंड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के महानिदेशक प्रो. दुर्गेश पंत ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। विवि की कुलपति प्रो. सुरेखा डंगवाल ने कहा, शिविर के जरिए छात्रों को रसायन विज्ञान के संबंध में करीब से जानने का मौका मिला है। शिविर का मकसद छात्रों को रसायन विज्ञान में अपना कॅरिअर बनाने के लिए प्रेरित करना था। संवाद

News paper – Amar Ujala
Date – 18.02.2024